रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 11/7/24

## अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार "मर्यादा पुरूषोत्तम रामः एक वैश्विक आदर्श"

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ, बी.एस.एन कॉलेज, जयपुर, सावित्री बाई फुले ऑरगेनाईजेशन एव बी.एन.के.बी.पी.जी. कॉलेज यूपी के संयुक्त तत्त्वाधान में "मर्यादा पुरूषोत्तम रामः एक वैश्विक आदर्श" पर दिनांक 15–17 जुलाई, 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (यूपी) के संत कबीर सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का ब्रोचर राजकीय महाविद्यालय रूपनगढ़ के प्राचार्य डॉ. रामनिवास जाट के द्वारा लॉन्च किया गया। इस अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेने के लिए महाविद्यालय की छात्राऍ एवं प्रवक्ता गण 14 जुलाई 2024 को प्रातः बस द्वारा महाविद्यालय से रवाना होगी। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (यूपी) में महाविद्यालय की छात्राऍ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगी।

कॉलेज के सचिव एवं सेमिनार के संरक्षक डॉ. बी.एल. देवन्दा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में भारत एवं विदेशों के अनेक नामचीन शिक्षाविद्, शोधार्थी व छात्र–छात्राऍ भाग लेंगे एवं "मर्यादा पुरूषोत्तम रामः एक वैश्विक आदर्श" पर अपना निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगे।

प्राचार्य
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 18/7/2024

# "मर्यादा पुरुषोत्तम राम : एक वैश्विक आदर्श" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक 15-16 जुलाई 2024 को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सावित्रीबाई फुले अकादमी शोध संस्थान जयपुर एवं स्वामी विबेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में "मर्यादा पुरुषोत्तम राम : एक वैश्विक आदर्श" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया | संगोष्ठी का शुभारंभ अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल, अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, सिद्ध पीठ श्री हनुमत निवास के महंत मिथिलेश नंदनी शरण महाराज, महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया |

संगोष्ठी के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता मिथिलेश नंदनी शरण महाराज ने कहा कि राम सार्वभौमिक है तथा उनके चरित्र का पालन हर युवा से अपेक्षित है | दूसरे दिन के विशिष्ट वक्ता उड़ीसा के प्रोफेसर सुदीप्त ने कहा कि राम राज्य की अवधारणा ही सुशासन की कल्पना है | डॉ रानू वार्ष्णेय ने कहा कि राम के जीवन से कुशल प्रबंधन व टीमवर्क की सीख ले सकते हैं | सुश्री फराह द्वारा भारतीय संविधान पर राम के जीवन आदर्शों का प्रभाव विषय पर पत्र वाचन किया गया | संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्रों में देश भर से लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन पत्र वाचन किया | विभिन्न शोधार्थियों ने संगोष्ठी में अपने विचार प्रस्तुत किये | समापन सत्र में कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सुचिता पांडे, कमल किशोर सैनी एवं रमेश मीणा ने कहा कि राम का चरित्र लोक मानस का आदर्श चरित्र है | अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी एवं उपस्थित शिक्षक शोधार्थी व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 26/7/24

# कारगिल विजय दिवस

आज दिनांक 26 जुलाई 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस इकाई के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया | इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक एवं डॉ रानू वार्ष्णेय ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की | व्याख्याता मीना कंवर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि हमारी सेना के सिपाहियों में देश के प्रति जो जुनून और प्यार है वह किसी भी देश की सेना में नहीं है इसलिए हम कारगिल विजय में शहीद हुए सैनिकों को सम्मान देने के लिए यह दिवस मनाते हैं | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में महाविद्यालय में शहीद सैनिकों की याद में वृक्षारोपण किया गया | स्वयंसेविका तनुश्री, रवीना, आंचल, भावना ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दी | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 1/8/2024

## फ्रेशर पार्टी

आज दिनांक 1 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया | महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई | प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से कनिष्ठ छात्राएं अपनी वरिष्ठ छात्राओं से परिचित होकर सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त करती हैं | कार्यक्रम में बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा तिलक व मिठाई खिलाकर नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया | छात्राओं द्वारा ग्रुप डांस, सोलो डांस व मिमिक्री प्रस्तुत की गई | डॉ रानू वार्ष्णेय ने महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाली विभिन्न गतिविधियों से छात्राओं को अवगत कराया | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मन, सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 7/8/24

हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत
"एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान

आज दिनांक 7 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान का प्रारंभ किया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया | डॉ रानू वार्ष्णेय ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण हमारे आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है | एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं अन्य विद्यार्थियों ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा धारण कर महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए | कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता व जोश के साथ भाग लिया और परिसर को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि इसे निरंतरता और देखभाल की आवश्यकता होती है | उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम से लगाने का अनुरोध किया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर - 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 12/8/2024

## नशा मुक्त भारत अभियान

आज दिनांक 12 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेंदा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में मादक द्रव्यों के सेवन से ग्रस्त युवाओं को बाहर निकलना हम सब की जिम्मेदारी है | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने सभी को कार्यक्रम की थीम "विकसित भारत का मंत्र भारत हो नशे से स्वतंत्रता" से अवगत कराया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा सभी को शपथ ग्रहण करवाई गई | कार्यक्रम में डॉक्टर रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा, मीना कंवर, राधेरानी तिवारी, सुनीता चौधरी, विजयलक्ष्मी कुमावत, मोहन प्रजापत, एनएसएस स्वयंसेविकाएं अन्य विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. न. 144 जयपुर / 2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर - 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 13/08/2024

आज दिनांक 13 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत तिरंगा रैली निकाली गई | राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रैली को प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया | कॉलेज से रवाना हुई तिरंगा रैली राई का बाग क्षेत्र व गणेश मंदिर तक निकाली गई | रैली में एनएसएस स्वयंसेविकाओं व अन्य विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति के नारे जोश के साथ लगाए गए व सभी से तिरंगा सम्मानपूर्वक फहराने की अपील की गई | डॉ रानू वार्ष्णेय ने बताया कि इस अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस तक तिरंगा शपथ, तिरंगा रैली, स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों का सम्मान, तिरंगा पोस्टर, निबंध, भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे | शनिवार को महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा तिरंगा शपथ भी दिलवाई गई थी | तिरंगा रैली में सभी स्टाफ सदस्य विद्यार्थी मौजूद रहे | अंत में प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 15/8/24

## 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस

आज दिनांक 15 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय द्वारा ध्वजारोहणकर कर झंडे को सलामी दी गई | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए स्वतंत्रता के महत्व को समझाया गया तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया गया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण हेतु युवा शक्ति से आह्वान किया गया कि वह अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगाए | व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि केवल सीमा पर जाकर लड़ना ही देश सेवा नहीं अपितु अपने कार्य क्षेत्र में कर्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करना भी एक देश सेवा है | कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई | इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य में विद्यार्थी उपस्थित रहे |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोवाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 29/8/24

## राष्ट्रीय खेल दिवस

दिनांक 29 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया | जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा बताया गया कि भारत में हर वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है, इसे मनाने का कारण यह है कि इस दिन हमारे देश के दिग्गज हॉकी प्लेयर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन है |पीटीआई विजय सिंह के निर्देशन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया | व्याख्याता राधे रानी द्वारा सभी विद्यार्थियों को फिट इंडिया की शपथ दिलवाई गई | महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य विद्यार्थी तथा क्षेत्र के अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे |

29/8/24

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

पंजी. सं. 111/अजमेर/2005-06

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 30/8/24

## निशुल्क दंत और त्वचा चिकित्सा शिविर का आयोजन

आज दिनांक 30 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एकदंत डेंटल एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक द्वारा विद्यार्थियों के लिए निशुल्क दंत और त्वचा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया | शिविर में डॉक्टर शुभम वैष्णव द्वारा दांत एवं त्वचा स्वास्थ्य की जांच की गई और आवश्यक दवाएं निशुल्क वितरित की गई | शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अन्य ग्रामीणजनों ने भाग लिया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर कॉलेज हमेशा जागरूक रहा है और ऐसे शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है ताकि विद्यार्थियों को समय-समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके | इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों में भी दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे | प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

30/8/24

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 2/9/2024

## स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ को बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु अवार्ड

दिनांक 30 अगस्त 2024 को जयपुर के होटल आईसीटी राजपूताना में न्यूज़ 18 राजस्थान मीडिया चैनल द्वारा आयोजित ग्रीन एनर्जी कॉन्क्लेव में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ को बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की ओर से यह सम्मान सचिव डॉ. बी. एल. देवन्दा एवं अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने ग्रहण किया। डॉ.देवन्दा ने बताया कि महाविद्यालय शिक्षा समिति ने रूपनगढ़ उपखंड में प्रथम महिला महाविद्यालय के रूप में स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की स्थापना की/महाविद्यालय निरंतर छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है। महाविद्यालय को सम्मानित करने के लिए न्यूज़ 18 एवं मंत्री महोदय के प्रति हम आभार प्रकट करते हैं और रुपनगढ़ के सभी अभिभावको से भी अपेक्षा करते हैं कि वे हमेशा महाविद्यालय परिवार के प्रति अपने आस्था बनाए रखेंगे।महाविद्यालय परिवार यह पुरस्कार पाकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. न. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 5/9/2024

# शिक्षक दिवस

आज दिनांक 5 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया | सर्वप्रथम महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्रपट समक्ष माल्यार्पण किया | तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को तिलक, मिठाई और उपहार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने शिक्षक को राष्ट्र निर्माता के रूप में बताते हुए शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला | कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गीत, कविता, भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई | कार्यक्रम का संचालन अनिता कुमावत और प्रियंका चौधरी द्वारा किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य, एनएसएस स्वयंसेविकाएं और अन्य छात्राएं उपस्थित रही | अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 9/9/2024

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

आज दिनांक 9 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम दो दिवसीय दौरे पर आयी | पूर्व में महाविद्यालय द्वारा भेजी गई जानकारी का भौतिक सत्यापन नैक की पियर टीम द्वारा महाविद्यालय में किया जा रहा है | प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि नैक पियर टीम के चेयरपर्सन भागलपुर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य शिवाजी यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र के प्रोफेसर जगन कराडे तथा सदस्य उमिया आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज गुजरात की प्राचार्य डॉक्टर संगीता घाटे का स्वागत पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में उपस्थित होकर छात्राओं ने लोकगीत एवं तिलक द्वारा किया | इसके बाद प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की संपूर्ण आधारभूत जानकारी और उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया | तत्पश्चात नैक टीम को विभागाध्यक्षों द्वारा अपनी उपलब्धियां पर प्रजेंटेशन दिया गया | नैक पियर टीम ने एनएसएस रूम, कंप्यूटर लैब, भूगोल लैब का निरीक्षण कर सभी विषयों की विभागों में जाकर निरीक्षण किया और अध्यापकों, छात्राओं, भूतपूर्व छात्राओं और अभिभावकों से संवाद स्थापित किया | महाविद्यालय प्रबंधन की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में सुश्री फराह और मीना शेखावत द्वारा अतिथियों को राजस्थानी संस्कृति से अवगत कराया गया | छात्राओं द्वारा विभिन्न लोकगीतों, कालबेलिया नृत्य, घूमर आदि प्रस्तुतियां दी गई | अंत में महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 141/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर - 305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 10/9/24

## NAAC राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

### द्वितीय दिवस

आज दिनांक 10 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में नैक पियर टीम के चेयरपर्सन प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य प्रोफेसर जगन कराडे, सदस्य डॉ संगीता घाटे ने दूसरे दिन निरीक्षण किया | द्वितीय दिवस पर पियर टीम ने महाविद्यालय में भौतिक सुविधाओं जैसे सुरक्षा-परामर्श केंद्र, रैंप रेल, कौशल विकास केंद्र आदि का निरीक्षण किया तथा वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि प्रणाली के बारे में समीक्षा की | पियर टीम ने महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों, प्रकोष्ठों के प्रमुखों के साथ बैठक कर संवाद स्थापित किया | तत्पश्चात स्पोर्ट्स ग्राउंड, खेल कक्ष में खेल सामग्री का भौतिक निरीक्षण किया व खेल प्रभारी श्री लक्ष्मण सिंह से इस संबंध में जानकारी हासिल की | नैक पियर टीम ने अवलोकन के बाद आंतरिक गुणवत्ता, आश्वासन , प्रकोष्ठ समन्वयक, एवं समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य के साथ अपने विचार और सुझाव साझा किये | इसके बाद टीम ने रिपोर्ट को अंतिम रूप प्रदान कर सुरक्षित एवं गोपनीय रूप से लिफाफे में सील बंद किया | एग्जिट मीटिंग में नैक पियर टीम ने समस्त संकाय सदस्यों से अपने विजिट के अनुभव साझा किये और महाविद्यालय में आगामी नैक मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण सुधार एवं क्रियाकलापों के बारे में सामान्य विचार रखें | महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा द्वारा सभी टीम सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 114 जयपुर 2008-09 मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

क्रमांक : दिनांक 14/9/24

# हिन्दी दिवस समारोह

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में आज दिनांक 14.09.2024 को हिन्दी दिवस के रूप मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, श्री बजरंग लाल भाखर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बबोधन में कहा की हिन्दी हमारी राजभाषा है हमें इस पर गर्व होना चाहिए तथा इसके सम्मान के लिए प्रत्येक नागरिक को हिन्दी भाषा को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंजू, ज्योति खोरवाल, लीला जाजोरिया, बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निशा भांभी बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल वैष्णव व शंकुतला ने अपनी–अपनी प्रस्तुतियॉ दी।

अन्त में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आगन्तुक अतिथियों एवं समस्त छात्राओं को हिन्दी दिवस की शुभकामना देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9414618651

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 17/9/24

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

दिनांक 17 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया | प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह द्वारा विद्यार्थियों को शपथ दिलाकर कार्यक्रम शुरू किया गया | उन्होंने बताया कि आगामी 17 दिनों में प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा | महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जन मानस में सफाई के प्रति सकारात्मक नजरिया विकसित करना है | अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने स्वच्छता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि स्वच्छ भारत के विजन को लागू करने में युवा शक्ति का सहयोग सर्वाधिक अपेक्षित है | प्रभारी रक्षा मीणा के निर्देशन में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय समस्त महाविद्यालय स्टाफ, एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु मेमोरियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर - 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 18/9/24

## दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम

आज दिनांक 18 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत "महाराणा प्रताप : एक आदर्श व्यक्तित्व" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने की | प्रतियोगिता में लगभग 35 छात्राओं ने भाग लिया | प्रतियोगिता में बीए सेमेस्टर प्रथम की छात्रा मोनिका बराला ने प्रथम स्थान व प्रज्ञा मीणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमें लक्ष्यों की प्राप्ति पर प्रतिबद्ध रहना चाहिए | महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर पुरस्कृत किया गया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मन् सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 24/09/2024

## 'स्वच्छ भारत मिशन'

आज दिनांक 24 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता थीम पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया | शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्वलित कर 'स्वच्छ भारत मिशन' पर उद्बोधन दिया | इस सत्र में स्वयंसेविकाओं व अन्य छात्राओं द्वारा स्वच्छता के संदर्भ में भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत किए गए | द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने डॉ रानू वार्ष्णेय के निर्देशन में गोद ग्राम मगरी का बालाजी, नुवा में श्रमदान किया | श्रमदान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने मंदिर परिसर की साफ सफाई की तथा पौधों के लिए क्यारियाँ बनाई तथा वृक्षारोपण किया | तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा जलपान ग्रहण करने के पश्चात प्लास्टिक कचरा संग्रहण व निस्तारण का कार्य किया गया | प्राचार्य कोमल पारीक ने बताया कि स्वयंसेविकाएं व अन्य छात्राएं अपने आसपास के क्षेत्र, गली,मोहल्लों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करके लाई, जिसका निस्तारण गड्ढा खोदकर किया गया | समापन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय में शपथ कार्यक्रम, निबंध लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं | व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर - 305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक

दिनांक 28/09/24

## पोषण अभियान

आज दिनांक 28 सितंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया | सर्वप्रथम महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं को माय भारत किट का वितरण किया गया | महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेन्दा और अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ पोषण आहार का छात्राओं को महत्व समझाया | तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं को आंगनवाड़ी कार्यालय में ले जाया गया | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता शर्मा द्वारा महिलाओं और बच्चों में कुपोषण दर, पोषण सूचकांक, आंगनबाड़ी द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बताया गया | आंगनवाड़ी सहायिका मधुबन बाला द्वारा पोषण आहार एवं मिलेट्स पर जानकारी दी गई | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि पोषण की न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है अपितु यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है | छात्राओं द्वारा पोषण के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे गए | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, श्री रमेश मीणा, समस्त स्टाफ सदस्य एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित पन्नू सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

2/10/2024

## गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती

आज दिनांक 2 अक्टूबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता की थीम पर स्वच्छ भारत दिवस भी मनाया गया | कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर, प्राचार्य डॉ कोमल पारीक द्वारा महापुरुषों के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण द्वारा की गई | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि पिछले 15 दिनों से महाविद्यालय में एकल उपयोग प्लास्टिक को इकट्ठा करने और निपटने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत 42 किलो प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर निस्तारण किया गया | कार्यक्रम में पूर्व में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता का परिणाम भी घोषित किया गया, जिसमें ज्योति सोलंकी ने प्रथम व मीनाक्षी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया | व्याख्याता विजय लक्ष्मी कुमावत ने गांधी जी के जीवन प्रेरक प्रसंगों से विद्यार्थियों को अवगत कराया | डॉ रानू वार्ष्णेय ने लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन आदर्शों के बारे में जानकारी दी | अन्य छात्राओं ने भाषण व कविता प्रस्तुतियां दी | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे |

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 10/10/2024

## गरबा महोत्सव 2024

दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में नवरात्रि के मौके पर गरबा महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया | सर्वप्रथम महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेन्दा,अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर, डॉ रानू वार्ष्णेय,समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राओं द्वारा मातारानी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया | छात्राओं एवं अध्यापकों ने गरबा की शानदार प्रस्तुति करके माता की आराधना एवं भक्ति की व कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये | प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने सभी को नवरात्रि की बधाइयां देते हुए कहा कि इस प्रकार के उत्सव के जरिए हम भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखेंगे और इसका हस्तांतरण करते हुए देश की एकता अखंडता और शांति को बनाए रखने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे | गरबा महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं में बेस्ट वेशभूषा व बेस्ट डांसर के रूप में छात्राओं पुरस्कृत किया गया | अंत में प्रभारी रमेश मीणा ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

विवेकानंद चाहिए तभी जीवन में सच्चा आनंद आएगा और लाया जा सकेगा।

किशनगढ़। अतिथियों का स्वागत तथा मौजूद विद्यार्थी व संकाय सदस्य

सि. नं. 141/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 9/11/2024

## शिक्षा में नवीन रुझान पर व्याख्यान

आज दिनांक 9 नवंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में "शिक्षा में नवीन रुझान" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रोफेसर डॉ रवि प्रकाश आर्य का स्वागत प्राचार्य डॉ कोमल पारीक एवं महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत द्वारा संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों के सम्मुख नई शिक्षा नीति, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, चरित्रवान शिक्षा, मानव संसाधन विकास पर विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान पश्चात विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा विचारोत्तेजक प्रश्नों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसे डॉ रवि प्रकाश आर्य द्वारा अत्यंत धैर्य व उत्साह के साथ उत्तरित किया गया। महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए यह एक संतुष्टिदायक अनुभव था। कार्यक्रम में अन्य स्टाफ सदस्यों का भी योगदान रहा। तत्पश्चात माय भारत आउटरीच प्रोग्राम हेतु एच एस मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल एवं बालाजी इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस स्वयंसेविकाओं को ले जाया गया। महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने आउटरीच प्रोग्राम में माय भारत पोर्टल के उद्देश्यों एवं लक्ष्य के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने विद्यार्थियों को माय भारत पर अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु प्रेरित कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान की अपील की।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 20/11/2024

## कौमी एकता सप्ताह

आज दिनांक 20 नवंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा, अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया। प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने कहा कि देश में हर धर्म संप्रदाय के लोग आपसी एकता कायम कर राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि कौमी एकता सप्ताह में अल्पसंख्यक समुदाय दिवस, भाषायी सौहार्द दिवस कमजोर वर्ग दिवस, सांस्कृतिक एकता दिवस, महिला उत्थान दिवस व पर्यावरण जागरूकता दिवस मनाए जाएंगे। व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

20/11/24

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

पं. क्र. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 26/11/2024

## संविधान दिवस

आज दिनांक 26 नवंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओ ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया एवं संविधान की विशेषता व इसके विस्तृत रूप के बारे में समूह चर्चा की । इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में संविधान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संविधान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर छात्राओं द्वारा उत्साहित होकर दिए गए। विजेताओं को महाविद्यालय की तरफ से प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने कहा कि हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाते हैं। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 27/11/2024

## 37वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स टूर्नामेंट

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी दबदबा बनाते हुए 37वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स टूर्नामेंट में पदक प्राप्त किया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने बताया कि यह प्रतियोगिता महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के सौजन्य से अजमेर के दयानंद कॉलेज में संपन्न हुई | महाविद्यालय की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा चौधरी ने ट्रिपल जंप में तृतीय स्थान प्राप्त किया | महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रा को सम्मानित कर बधाई दी गई | महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेंदा ने कहा कि यह छात्रा की कड़ी मेहनत व अडिग प्रयासों का परिणाम है | महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने कहा कि यह कॉलेज छात्रा द्वारा इस उपलब्धि को हासिल करने पर गौरवान्वित महसूस करता है और आगामी भविष्य के लिए छात्रा को शुभकामनाएं देता है |

महिला महाविद्यालय
(अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

2/12/2024

## एड्स दिवस जागरूकता हेतु द्वितीय एक दिवसीय शिविर

आज दिनांक 2 दिसंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एड्स दिवस पर जागरूकता प्रसार हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेंदा, अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्वलित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने बताया कि एड्स के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने और समाज में जागरूकता फैलाने हेतु इस शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ रानू वार्ष्णेय ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेविकाएं इन कार्यक्रमों से सीखे और एड्स से संबंधित फैली भ्रांतियां को समाज से दूर करें। शिविर के द्वितीय सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया। शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामीण जनों को एचआईवी एड्स के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति फैली भ्रांतियां को दर्शाया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी और समाज में सहानुभूति, स्वीकृति और समावेशन का महत्वपूर्ण संदेश दिया। समापन सत्र में सभी स्वयंसेविकाओं ने अल्पाहार ग्रहण किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

3/12/2024

## शैक्षिक भ्रमण

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर जैसलमेर रवाना हुई। प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि भ्रमण यात्रा 27 नवंबर को सुनियोजित ढंग से महाविद्यालय परिसर से आरंभ हुई। इसके पूर्व भ्रमण पर जाने वाली समस्त छात्राओं से उनके अभिभावकों द्वारा भरवा गए स्वीकृति पत्र लिए गए। यात्रा को निर्देशित करते हुए प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है, जब विद्यार्थी भ्रमण पर जाते हैं तो वह अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप में देखकर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं। छात्राओं ने भारतीय सेवा वॉर म्यूज़ियम, रुणिचा रामदेवरा, सोनारगढ़ किला, पटवो की हवेली, गड़ीसर झील, तनोट माता मंदिर, लोंगेवाला तथा कुलधारा हांटेड विलेज का भ्रमण किया। तत्पश्चात रेगिस्तान सम क्षेत्र में सांस्कृतिक संध्या का आनंद उठाया। भ्रमण पर विद्यार्थी अत्यधिक उत्साहित एवं आनंदित रहे तथा उन्होंने गाइड से विभिन्न प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा ने अपने वीडियो संदेश में विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए शैक्षिक भ्रमण का महत्व समझाया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ने कॉलेज पहुंचे सभी विद्यार्थियों का आभार जताया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 7/12/2024

## भारतीय भाषा उत्सव

दिनांक 7 दिसंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के दिशा निर्देशानुसार भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया | सर्वप्रथम महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की | प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने बताया कि भारतीय भाषा उत्सव का उद्देश्य लोगों में अन्य भाषा को सीखने के प्रति प्रोत्साहन, राष्ट्रीय एकता का निर्माण और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है | कार्यक्रम में विद्यार्थी मनोज मेघवंशी व सुनीता शर्मा ने मारवाड़ी, ज्योति सोलंकी ने हरियाणवी तथा संतोष मीणा ने हिंदी आदि भाषाओं में कविता की प्रस्तुतियां दी | छात्रा किरण और सोनिका वैष्णव ने तेलुगू और मारवाड़ी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां पेश की | महाविद्यालय व्याख्याताओं ने हिंदी,संस्कृत, मैथिली, पंजाबी, बंगाली, मराठी आदि भारतीय भाषाओं में विविध गतिविधियों के माध्यम से सुप्रसिद्ध लेखकों, कवियों, महापुरुषों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों व संगीतकार आदि के जीवन परिचय व उपलब्धियों के विषय में जानकारी प्रदान की | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने इस वर्ष की थीम "भाषाओं के माध्यम से एकता" से अवगत करवाते हुए सभी का आभार व्यक्त किया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 10/12/2024

## मानवाधिकार दिवस

दिनांक 10 दिसंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया | इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए "मानवाधिकार : एक मूलभूत आवश्यकता" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा ने बताया कि मानव अधिकार वे सभी अधिकार हैं जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं | महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने कहा कि मानव अधिकारों के हनन को रोकने में तथा लोगों को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करने में युवाओं का सहयोग सर्वाधिक अपेक्षित है | महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने मानव अधिकारों की उत्पत्ति और उसके महत्व पर विचार व्यक्त किए | महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने इस वर्ष की थीम "हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी" से अवगत करवाते हुए सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 21/12/24

## कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना

आज दिनांक 21 दिसंबर 2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की छात्राओं को कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना/देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत स्कूटी का वितरण किया गया। कॉलेज में बीए सेमेस्टर 3 में अध्यनरत छात्राओं सुरसुरा निवासी अंजलि सैनी पुत्री श्री दुर्गा लाल माली एवं शीतल पुत्री श्री हरिराम को राजकीय कन्या महाविद्यालय, अजमेर में स्कूटी प्रदान की गई। स्कूटी प्राप्त कर छात्राएं एवं उनके परिजन बहुत खुश हुए तथा उन्होंने बताया कि महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को सभी सरकारी योजनाओं एवं छात्रवृतियों के बारे में जानकारी एवं सहयोग प्रदान करने के परिणामस्वरुप ही उन्हें यह प्राप्त हो सकी। महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने बताया कि सभी छात्राओं को जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए कठिन परिश्रम करना चाहिए। प्राचार्य डॉ कोमल पारीक एवं डॉ रानू वार्ष्णेय ने कहा कि कॉलेज क्षेत्र की समस्त छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु निरंतर प्रयासरत है।

21/12/24

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 24/12/24

## लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती

दिनांक 24/12/2024 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ (अजमेर) में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती वर्ष पर ए.बी.आर.एस.एम. के तत्वावधान में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित हो रही व्याख्यान-माला के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने की और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय रूपनगढ़ के प्राचार्य प्रोफेसर रामनिवास चौधरी थे । इस अवसर पर डॉ चौधरी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व का विस्तार से परिचय दिया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि इतिहास में लोकमाता अहिल्याबाई को वह स्थान नहीं मिला जिसकी वो हक़दार थी। अहिल्याबाई ने अनेक परोपकार के कार्य किए और अनेक धार्मिक स्थलों /मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया तथा सामाजिक समरसता स्थापित करने का कार्य किया । कार्यक्रम मे विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन संघर्षमय रहा लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी।उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणादायी एवं चरित्र निर्माणकारी था लेकिन इतिहास में उनकी अवहेलना की गई यही कारण है कि आज लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन चरित्र के बारे में जानना जरूरी है। राष्ट्रीयता तथा स्व के बोध के कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन देते हुए व्याख्याता सुश्री फराह कहा कि महाविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रमों से जीवन में सकारात्मक एवं विषम परिस्थितियों में भी प्रेरणा मिलती है । महाविद्यालय श्री रमेश मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

24/12/24
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

[illegible]

मोबाइल : [illegible]

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

[illegible]

[illegible], रूपनगढ़, अजमेर-[illegible]

E-Mail Id : [illegible]@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक : [illegible]

## युवा सप्ताह समारोह का उद्घाटन

आज दिनांक 13 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल [illegible], अध्यक्ष श्री [illegible] लाल [illegible], प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने माँ सरस्वती एवं विवेकानंद जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जयंती की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी तथा उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको का संदेश दिया। महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने प्रेरणात्मक उद्बोधन में युवाओं को विवेकानंद जी की जीवनी के बारे में बताया तथा उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री [illegible] ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण हेतु युवाओं को संकल्प लेकर अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर बढ़ने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में समस्त स्टाफ सदस्य, एनएसएस स्वयंसेविकाओं, एवं अन्य विद्यार्थियों का सहयोग रहा। अंत में महाविद्यालय प्रभारी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया

प्रभारी 13/01/25

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 14/01/2025

## विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता

दिनांक 14 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय युवा सप्ताह में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | इस दौरान चम्मच कंचा रेस, भार संतुलन रेस, बैग रेस, लंबी कूद और गोला फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | इन प्रतियोगिताओं में खेल के प्रति विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखाई दिया एवं विद्यार्थियों ने इनमें बढ़ चढ़कर भाग लिया | चम्मच कंचा रेस में प्रियंका जाट ने प्रथम, ज्योति कुमावत ने द्वितीय एवं सुनीता गुसाईंवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया | भार संतुलन रेस में प्रियंका ने प्रथम, मंजू कुमावत ने द्वितीय एवं ज्योति कुमावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया | गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रियंका जाट ने प्रथम, अनुराधा सैनी ने द्वितीय, सोनिका वैष्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया | लंबी कूद प्रतियोगिता में पूजा भंभी ने प्रथम, अनुराधा ने द्वितीय, साहिबा मंसूरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया | बैग रेस में ज्योति राजपुरोहित ने प्रथम, प्रियंका जाट ने द्वितीय एवं फिरदौस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय वार्षिकोत्सव पर पुरस्कृत किया जाएगा |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 15/01/2025

## दौड़ प्रतियोगिताएं और फूड विदाउट फ्लेम का आयोजन

आज दिनांक 15 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तीसरे दिन दौड़ प्रतियोगिताएं और फूड विदाउट फ्लेम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में खेलकूद गतिविधियों के प्रभारी श्री विजय सिंह ने बताया की दौड़ प्रतियोगिताओं में लगभग 65 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। 100 मी दौड़ प्रतियोगिता में कोमल सेन ने प्रथम, ज्योति सोलंकी ने द्वितीय एवं पायल हरिजन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में पायल मीणा ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय एवं कुमकुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फूड विदाउट फ्लेम प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया तथा अनुराधा & ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने कहा कि हार या जीत कुछ भी हो इन प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने से अनेक लाभ है, अतः विद्यार्थी इन प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास के श्रेष्ठ आयाम है।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

मोबाइल : 9214418691

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :                                                  दिनांक 15/1/25

## NSS Seven days special Camp

### Day 1

आज दिनांक 15 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के मौके पर सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक , डॉ मनु वार्ष्णेय, श्री रमेश मीणा एवं स्वयंसेविकाओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है तथा इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के मंच से विद्यार्थियों को जोड़ा जाता है ताकि शिक्षा के साथ इन गुणों का विकास भी हो। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री [illegible] ने शिविर की रूपरेखा स्वयंसेविकाओं को समझाते हुए बताया कि आप लोग पूरे शिविर के दौरान श्रमदान, रचनात्मक गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग लें एवं सांस्कृतिक जीवन के मूल्यों को सीखें और आगे जाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। स्वयंसेविका ज्योति सांखला और रिंकू कंवर ने अपने विचारों में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को रेखांकित किया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया गया। स्थानीय पुलिस थाना टीम के सदस्यों श्री रामराज, श्री हीरालाल, श्री किशोर एवं कॉन्स्टेबल मीना जी ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं महिला कानून की सामान्य जानकारी प्रदान की। मानसिक शक्ति के विकास और एकाग्रता हेतु श्रीमती निर्मला सांखी ने मेडिटेशन और ओम ध्वनि का उच्चारण करवाया गया। शिविर के प्रथम दिवस के दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया जिसमें सभी जगह पर साफ सफाई की गई जिसमें समूह 5 की स्वयंसेविकाओं द्वारा सबसे अच्छी सफाई की गयी। तत्पश्चात शारीरिक स्फूर्ति हेतु दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम सत्र में स्वयंसेविकाओं के मध्य समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपने विचार साझा किये तथा वैचारिक सहिष्णुता तथा असहमति प्रकट करने के तौर तरीकों को सीखा। स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वयं के लिए भोजन तैयार किया गया तथा सामूहिक रूप से भोजन किया गया। राष्ट्रगान के साथ शिविर के प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन किया गया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

NSS Programme Officer
Swami Vivekanand Mahila Mahavidyalaya
Roopangarh (Ajmer) Raj.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 16/01/2025

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह

दिनांक 16 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महावि।ालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के चतुर्थ दिन पर म्यूजिकल चेयर रेस और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । म्यूजिकल चेयर रेस में वि।ार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया तथा हर्षोल्लास के साथ प्रतियोगिता का आनंद लिया । इस प्रतियोगिता में सोनिका वैष्णव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । भाषण प्रतियोगिता में वि।ार्थियों ने विवेकानंद जी के जीवन और दर्शन पर अपने विचार प्रस्तुत किए । ज्योति सोलंकी ने प्रथम और रुखसार बानो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर कॉलेज लाइब्रेरियन सुनीता चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानंद जी ने मानव कल्याण और भारतीय संस्कृति के मौलिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया तथा उन्हें संपूर्ण विश्व में प्रसारित किया । कार्यक्रम के आयोजन में सभी स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा ।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रुपनगढ़ (अजमेर) राज.

पंजी. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 16/1/25

**NSS Seven day special Camp**

**Day 2**

आज दिनांक 16 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत दूसरे दिन राई का बाग क्षेत्र में कैंप का कार्य किया गया। इस सत्र में स्वयंसेविकाओं ने "अभी नहीं तो कभी नहीं" की तर्ज पर कार्य किया। इसमें स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव में बसे ग्रामीण परिवारों की महिलाओं से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्त भारत, स्वच्छ भारत अभियान आदि विषयों पर जोर-शोर से नारे लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया एवं ग्रामीण नागरिकों को जागरूक किया।
शिविर के दूसरे सत्र में श्रीमती राधेरानी तिवारी द्वारा छात्राओं को मेडिटेशन और ओम ध्वनि का उच्चारण करवाया गया तत्पश्चात सभी स्वयंसेविकाओं एवं व्याख्याता ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने समाज सेवा और कर्तव्यबोध पर व्याख्यान दिया। स्वयंसेविका रुखसार बानो और ज्योति सोलंकी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन और दर्शन के बारे में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं इस बार "एक बस्ती-एक परिवार-एक स्वयंसेविका" का लक्ष्य लेकर सामुदायिक सेवा में अच्छा कार्य करने को प्रयासरत रहे और लोकतंत्र के समझदार नागरिक होने के नाते अपने वोट का प्रयोग सोच समझ कर करें। शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया जिसमें समूह 1 ने सबसे अच्छी सफाई की। स्वयंसेविकाओं के मध्य म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया जिसमें सोनिका वैष्णव विजेता रही। अंत में सामूहिक भोज कार्यक्रम हुआ तथा द्वितीय दिवस के कार्यक्रमों का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय एवं सभी व्याख्यातागण स्वयंसेविकाओं के साथ उपस्थित रहे।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

NSS Programme Officer
Swami Vivekanand Mahila Mahavidyalaya
Roopangarh (Ajmer) R

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 17/1/25

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह

दिनांक 17 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली बनाने के लिए पारंपरिक सामग्री जैसे रंगीन पाउडर, फूल, चावल के दाने, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया। निर्णायक मंडल ने रचनात्मकता, मौलिकता, तकनीक और समग्र प्रस्तुति के आधार पर निर्णय दिया जिसमें मार्स ग्रुप ने प्रथम और लक्ष्मीबाई ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 17/1/25

## NSS Seven Day Special Camp

### Day 3

आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन था | प्रथम सत्र में राजस्थान पुलिस अजमेर क्षेत्र से पधारी कांस्टेबल द्रौपदी ने स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के विविध टिप्स और पंच सिखाएं | कांस्टेबल सुमित्रा ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बताया और महिलाओं की सुरक्षा संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की सूचना प्रदान की | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने स्वयंसेविकाओं को महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी और महाविद्यालय में गठित महिला उत्पीड़न निवारण समिति के बारे में बताया | द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं के मानसिक स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए योग,मेडिटेशन व सामूहिक कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें सुनिता चौधरी द्वारा स्वयंसेविकाओं को योग व मेडिटेशन करवाया गया | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने सभी को सामूहिक कीर्तन के महत्व से अवगत करवाते हुए बताया कि इसकी सहायता से मानसिक तनाव को काम किया जा सकता है तथा नकारात्मक विचारों को दूर कर स्वयं में सकारात्मक ऊर्जा संचारित करने का यह एक महत्वपूर्ण साधन है | तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया | स्वयंसेविकाओं के मध्य रचनात्मकता के विकास हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने आकर्षक रंगोलिया बनाई | मार्स ग्रुप ने प्रथम और लक्ष्मीबाई ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया | स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक खेल का आनंद लिया | राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

NSS Programme Officer
Swami Vivekanand Mahila Maha...
Roopangarh (Ajmer) Raj

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बास, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 18/1/25

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन

आज दिनांक 18 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया | कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ हुआ | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेंदा और श्री बजरंग लाल भाकर रहे | प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा सप्ताह के दौरान महाविद्यालय में दिनांक 12 जनवरी से 18 जनवरी के बीच विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी | महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया | कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिससे पंडाल में दर्शन तालियों के साथ झूम उठे | मुख्य अतिथि महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेंदा ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपना कर अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर राष्ट्र व समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए | महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने कहा कि उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए | समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय की प्रगति से सभी को अवगत करवाया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का समापन किया | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ़, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 18/1/25

## NSS seven day special camp

## DAY 4

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर में आज दिनांक 18 जनवरी 2025 को प्रथम सत्र में श्रीमती सविता शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को योग और मेडिटेशन करवाया, जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। तत्पश्चात लक्ष्य गीत का सामूहिक गान हुआ। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में कांस्टेबल द्रौपदी और सुमित्रा जी ने छात्राओं को एडवांस लेवल के पंच और किक की प्रक्रियाएं सिखाई। स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। द्वितीय सत्र में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूपनगढ़ के चिकित्सक डॉ राजेश शर्मा ने स्वयंसेविकाओं अन्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को कार्डियोप्लमोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रशिक्षण दिया। डॉ शर्मा ने बताया कि सीपीआर हार्ट अटैक की आपातकालीन स्थिति में दी जाने वाली जीवन रक्षक प्रक्रिया है। इस जीवन रक्षक प्रक्रिया के द्वारा हम पीड़ित व्यक्ति की रुकी हुई हृदय गति को वापस लाने की कोशिश करते हैं। समय रहते यदि किसी भी व्यक्ति को उचित तरीके से सीपीआर दिया जाए तो उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी फराह ने चिकित्सक और कांस्टेबल का आभार व्यक्त किया एवं महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। तृतीय सत्र में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन समारोह में भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, श्री रमेश मीणा एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

NSS Programme Officer
Swami Vivekanand Mahila Mahavidyalaya
Roopangarh (Ajmer) Raj.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 19/1/25

## NSS seven day special camp

## DAY 5

आज दिनांक 19.1.202 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के पंचम दिवस पर प्रथम सत्र में "मेरे सपनों का भारत" विषय पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई । द्वितीय सत्र में टेलर रिंकू द्वारा स्वयंसेविकाओं को हस्त सिलाई की प्रारंभिक तकनीक को समझाया गया । तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया । एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी सुश्री फराह ने बताया कि श्रमदान की गतिविधियाँ लोगों को स्वच्छ वातावरण में रहने के लिए प्रेरित करती हैं। श्रमदान प्रत्येक नागरिक के मन में सरलता, विचारों की जटिलता से मुक्ति और स्वच्छता तथा हरित पर्यावरण के महत्व को विकसित करता है। प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, श्री रमेश मीणा, श्री राकेश गोठवाल, श्रीमती मीना शेखावत, श्रीमती निकिता सोलंकी, श्रीमती राधेरानी,श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती निर्मला लोधी, श्रीमती सुनीता चौधरी, श्री मोहनलाल प्रजापत एवं सभी विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

NSS Programme Officer
Swami Vivekanand Mahila Maha[illegible]
Roopangarh (Ajmer[illegible]

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 20/1/25

## NSS seven day special camp
## DAY 6

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर में आज दिनांक 20 जनवरी 2025 को महाविद्यालय द्वारा गोद लिया गया ग्राम मगरी का बालाजी, नुवा में प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं को योग और मेडिटेशन करवाया गया तथा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने संपूर्ण मंदिर परिसर में श्रमदान किया जिसके अंतर्गत सभी स्वयंसेविकाओं को समूह में बांटा गया फिर स्वयं सेविकाओं ने मंदिर परिसर में झाड़ू-पोछा किया। पेड़-पौधों की क्यारियां बनाई एवं साफ सफाई की। गांव के विभिन्न रास्तों पर जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने "Not me but you", "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ", "विकसित भारत", "स्वच्छता जागरूकता" के संबंध में जोर शोर से नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीण जनों के साथ समूह चर्चा में भाग लिया। छात्राओं ने वरिष्ठ नागरिकों से अनेक प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने समूह चर्चा के महत्व से अवगत करवाते हुए स्वयंसेविकाओं को बताया कि यह संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से मिलकर समूह चर्चा का अनुभव, सीखने का एक अच्छा अवसर देते हैं। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक भोजन किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, श्री रमेश मीणा व समस्त महाविद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

NSS Programme Officer
Swami Vivekanand Mahila Mah[illegible]
Roopangarh (Ajmer, Raj.)

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 21/1/2025

## NSS seven day special camp

**DAY 7**

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में दिनांक 21 जनवरी 2025 को एनएसएस इकाई के द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया | जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक,डॉ रानू वार्ष्णेय एवं श्री रमेश मीणा रहे | कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा योग मेडिटेशन व रघुपति राघव राजा राम पर सामूहिक कीर्तन किया गया | द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने ग्राम पंचायत रूपनगढ़ का भ्रमण किया | सरपंच इकबाल जी छीपा और कनिष्ठ सहायक लक्की मंघानी ने स्वयंसेविकाओं को ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली से अवगत कराया | जिसमें ग्राम सभा, सामाजिक अंकेक्षण, मनरेगा योजना, जन्म-मृत्यु पंजीयन आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई | तृतीय सत्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए | डॉ कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व वह चरित्र का विकास होता है | तत्पश्चात बारी-बारी से स्वयंसेविकाओं ने अपने शिविर के सातों दिवस के अनुभव को सभी के साथ साझा किया | अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने शिविर के सातों दिवस का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा शिविर में भाग ले रही सभी स्वयंसेविकाओं का आभार व्यक्त कर शिविर की सफलता की बधाई दी | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

NSS Programme Officer
Swami Vivekanand Mahila Mahavidhyalaya
Roopangarh (Ajmer, Raj).

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 25/01/25

## मतदाता दिवस

आज दिनांक 25 जनवरी 2025 को कस्बे के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। चुनाव में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने तथा प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाता मतदान में भाग लेने व प्रचार प्रसार करने हेतु इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन के संदर्भ में श्री मोहन प्रजापत ने विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलवाई। स्वयंसेविका सीमा द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर ईवीम और वीवीपेट मशीन के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य कोमल पारीक ने वीडियो संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया।

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 26/1/25

## गणतंत्र दिवस समारोह

आज दिनांक 26.1.2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में 76 वा गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक और श्री रमेश मीणा ने तिरंगा झंडा फहराया और राष्ट्रगान के साथ पवित्र तिरंगे को प्राचार्य, समस्त व्याख्यातागण, कर्मचारी और विद्यार्थियों के द्वारा सलामी दी गई। महाविद्यालय सचिव डॉ देवेंदा और अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ने अपने अपने भाषण में युवाओं से आह्वान किया कि वह अपनी शक्ति को पहचाने व राष्ट्र निर्माण में अपने कार्यों को समर्पित करें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है और संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की महानता को समर्पित गणतंत्र दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन हेतु प्रेरित करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 27/01/2025

## अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक 24-25 जनवरी 2025 को एस. एस. जैन सुबोध लॉ कॉलेज, जयपुर के आचार्य हस्ती सभागार में सावित्रीबाई फुले शैक्षिक अनुसंधान एवं सामाजिक विकास संस्थान जयपुर, बी एस एन कॉलेज और स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में "पर्यावरण तालमेल : हरित भविष्य के बहुक्षेत्रो को जोड़ना" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया | संगोष्ठी का शुभारंभ पूर्व हाईकोर्ट न्यायाधिपति जे के रांका,डॉ सुशीला सैनी, डॉ राकेश हीरावत, प्रोफेसर दीपक श्रीवास्तव, प्रोफेसर कमल किशोर सैनी, महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया |संगोष्ठी के प्रथम दिवस के मुख्य वक्ता प्रख्यात ज्योतिष शास्त्री लंदन से डॉ विवेकानंद शास्त्री ने कहा कि इस संगोष्ठी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की भारतीय अवधारणा का संदेश देश विदेश तक पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है| दूसरे दिन के विशिष्ट वक्ता मगध यूनिवर्सिटी बोधगया, बिहार से प्रोफेसर एहतेशाम खान ने कहा कि पर्यावरणीय प्रयासों के संरक्षण में आने वाला समय भारत का है क्योंकि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत का स्थान प्रमुख हो रहा है |प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में वर्तमान समय में पर्यावरण शिक्षा की आवश्यकता और महत्व को इंगित किया | सुश्री फराह ने "जलवायु परिवर्तन में अंतरराष्ट्रीय नीति और सम्मेलनों की भूमिका" विषय पर शोध पत्र वाचन किया | पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती सुनीता चौधरी ने कृषि पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को अपने शोध पत्र में स्पष्ट किया |संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्रों में 12 पैनलों के माध्यम से देश विदेश भर से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन पत्र वाचन किया | विभिन्न शोधार्थियों ने संगोष्ठी में अपने विचार प्रस्तुत किये | सांस्कृतिक संध्या में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां दी गई | समापन सत्र में शोध सावित्री जर्नल का विमोचन किया गया | कार्यक्रम संयोजक सुश्री छवि सैनी दो दिवसीय संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुत की | अंत में महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा और डॉ रानू वार्ष्णेय ने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी, व्याख्याता, शोधार्थी व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 01/02/25

अखिल भारतीय गांधी अध्ययन समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्वाचित

डॉ. बी.एल. देवन्दा अखिल भारतीय गांधी अध्ययन समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद तेलंगाना में भारतीय गांधी अध्ययन समिति का 45 वां वार्षिक अधिवेशन 27 से 29 जनवरी 2025 को संपन्न हुआ। जिसमें डॉ बी एल देवन्दा निदेशक स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ एवं प्राचार्य अग्रवाल पीजी महाविद्यालय जयपुर राजस्थान को समिति का पुनः राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। डॉ देवन्दा दिसंबर 2022 से समिति के कोषाध्यक्ष है और लगातार 2027 तक समिति के कोषाध्यक्ष रहेंगे। समिति के अन्य पदाधिकारीयों में अध्यक्ष पद पर डॉ सुधीर चंद्र जेना उड़ीसा महासचिव, डॉ सीताराम चौधरी राजस्थान संयुक्त सचिव, डॉ सुनील महावर मोतीहारी बिहार तथा संपादक डॉ प्रीति शर्मा गुजरात से चुने गए। डॉ देवन्दा ने अधिवेशन के पांचवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए वर्तमान परिदृश्य में गांधीवादी पत्रकारिता में नैतिकता और मूल्यों की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान दिया तथा अपने उद्बोधन में गांधी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए देवन्दा ने बताया कि पत्रकारिता सत्य निष्ठा के साथ व्यवसायिकता से हटकर सामाजिक समस्याओं के निराकरण का एक सशक्त माध्यम है जिसमें नैतिकता एवं मूल्यों का समावेश आवश्यक है। मौलाना आजाद केंद्रीय उर्दू विश्वविद्यालय हैदराबाद के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग एवं आईएसजीएस के सहयोग से महात्मा गांधी की पत्रकारिता और आधुनिक युग में इसकी प्रासंगिकता विषय पर इस तीन दिवसीय सम्मेलन में कुलपति प्रोफेसर सैयद एनुअल हसन पद्मश्री, भारत समाचार एक्सप्रेस के सीएमडी उपेंद्र राय, प्रोफेसर आर पी द्विवेदी, प्रोफेसर शीला राय तथा संपूर्ण भारतवर्ष से लगभग 300 गांधीवादी विचारों ने भाग लेकर अपने विचार प्रकट किये। डॉ देवन्दा के कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्य कोमल पारीक और रानू वार्ष्णेय, सभी शिक्षक एवं कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की है।

प्राचार्य 1/2/25

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मधु सोशियल वेलफेयर एण्ड एजूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बास, परबतसर रोड, रूपनगढ़, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

दिनांक 3/02/2025

क्रमांक :

## बसंत पंचमी

आज दिनांक 3 फरवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद मां सरस्वती की पूजा और वंदना की गई। बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्व होता है। विद्यार्थी और कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य पीले और सुंदर वस्त्र पहनकर इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने पहुंचे। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों के लिए रंग-बिरंगी पतंगबाजी प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने बसंत पंचमी पर आधारित लोकगीत भी प्रस्तुत किए। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने कहा कि यह पर्व विद्या, ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

3/2/25

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 14/02/25

## "नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

आज दिनांक 14 फरवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से "नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुश्री फराह के औपचारिक स्वागत भाषण से हुई। मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी कविता दीदी ने मेडिटेशन, सोशल मीडिया के प्रभाव, नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा ऊर्जा से भरे होते हैं तथा इस ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए हम देश के प्रति सफल मानव संसाधन सिद्ध हो सकते हैं, उन्होंने अपने भाषण में स्वामी विवेकानंद झांसी की रानी और अन्य महान व्यक्तियों के उदाहरण प्रस्तुत किए। अन्य वक्ता ब्रह्मकुमारी हरदयाल भाई ने युवाओं की विचार प्रक्रिया को आकार देने में नैतिक मूल्यों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। अंत में सामूहिक मेडिटेशन और ध्यान केंद्र गतिविधियां करवाई गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय सचिव डॉ बी एल देवेंदा और अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ऑनलाइन रूप से तथा श्री रमेश मीणा सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

14/2/25
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 1/3/25

## Farewell Party

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में आज दिनांक 1 March 2025 को फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया | सर्वप्रथम महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर, डॉ रानू वार्ष्णेय एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने दीपक प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया | इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों ने जो इस कॉलेज से सीखा उसे अपने आने वाले जीवन में एक प्रेरणा और एक लक्ष्य के रूप में अपना कर अपना आगे आने वाला भविष्य संवारे | कार्यक्रम में बी ए प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने बी ए तृतीय वर्ष की छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और उपहार प्रदान किए | कार्यक्रम में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी | रैंप वॉक के द्वारा बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योति रेगर को मिस फेयरवेल के रूप में चुना गया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपको अपना उज्जवल भविष्य बनाने के लिए सभी को सत्य व कर्तव्य निष्ठा के मार्ग को अपनाना चाहिए, जिससे सफलता आपके कदमों को चूमेगी तथा आप अपने महाविद्यालय, परिवार, गांव, समाज और देश का नाम रोशन करेंगे | व्याख्याता सुश्री फराह ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि "एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो- उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो | विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में बिताए अपने सुनहरे पलों को मनमोहक भाषण द्वारा प्रस्तुत किया | इसके साथ ही समस्त स्टाफ़ ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया एवं जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी |

प्राचार्य 1/3/25
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09 मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ़, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

## Viksit Bharat Youth Parliament

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित "विकसित भारत युवा संसद 2025" राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विमर्श में शामिल होने और विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए युवाओं के लिए एक राष्ट्रीय मंच है । यह नेतृत्व, नागरिक भागीदारी और नीतिगत चर्चा को बढ़ावा देता है, जिससे विद्यार्थी प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने में सक्षम होते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण से प्रेरित यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित किया गया जा रहा है।

आज दिनांक 7 मार्च 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में विशेष अभियान चलाकर छात्राओं का पंजीकरण किया गया | एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी सुश्री फराह बताया कि पंजीकरण हेतु युवाओं को "विकसित भारत से आप क्या समझते है " विषय पर एक मिनट का वीडियो बनाकर मेरा युवा भारत पोर्टल पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर अपलोड करना होगा | चयनित प्रतिभागी जिला स्तर पर आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में "एक राष्ट्र एक चुनाव : विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करना " विषय पर अपने विचार रखेंगे | प्रत्येक नोडल जिले से 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा | राज्य स्तरीय युवा संसद, विधानसभा में आयोजित होना प्रस्तावित है | इन सभी स्तरों पर चयन प्रक्रिया में शिक्षाविद, पत्रकार, जन प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं समाज के अन्य लब्ध प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को शामिल किया जायेगा | जिला एवं राज्य स्तर पर यह सम्पूर्ण कार्यक्रम राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल विभाग, नेहरु युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से संचालित किया जा रहा है |

7/3/25

प्राचार्य

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय

रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर–305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 8/3/25

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

आज दिनांक 8 मार्च 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ अजमेर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेंदा और अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ने महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए कहा कि महिला शिक्षा को बढ़ावा देने से ही महिला को सशक्त बनाया जा सकता है जो कि चुनौतियों पर काबू पाकर और बाधाओं को तोड़कर अपना विकास कर एक सशक्त समाज का निर्माण करेंगी। इस अवसर पर डॉ रानू वार्ष्णेय ने "नारी का सृजन" विषय पर पीपीटी का प्रस्तुतीकरण किया तथा क्षेत्र की महिलाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने द्रौपदी मुर्मू, किरण बेदी, झांसी की रानी के किरदार के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। कॉलेज की छात्रा ज्योति कुमावत ने एक शानदार और ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया। व्याख्याता श्री राकेश कुमार गोठवाल ने इस वर्ष की महिला दिवस थीम "सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए : अधिकार, समानता, सशक्तिकरण" के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता सुश्री फराह, सुश्री विजयलक्ष्मी कुमावत, श्री मोहन प्रजापत, श्रीमती निर्मला लोधी और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

8/3/25
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

मोबाइल : 9314618091

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 12/3/25

## फाग महोत्सव

आज दिनांक 12 मार्च 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में फाग महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक द्वारा दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया | महोत्सव में लोकगीत, लोक नृत्य ,भजन, होली नृत्य द्वारा छात्राओं ने भारतीय संस्कृति की परंपराओं को बहुत ही सुंदर व आकर्षक तरीके से दर्शाया | इस अवसर पर छात्राओं ने कृष्ण-राधा के रूप धारण किये तथा सभी छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा फूलों से होली खेली गई | डॉ रानू वार्ष्णेय ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बताया कि होली त्यौहार पर केमिकल रंगों का प्रयोग करने की बजाय हर्बल गुलाल का उपयोग करना चाहिए | कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य , विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा महाविद्यालय प्रभारी श्रीमान रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया |

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रुपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :                                                                 दिनांक 24/03/25

## NSS III One Day Camp

आज दिनांक 24 मार्च 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की थीम "बंधेज हस्तकला को प्रोत्साहन" थी। कैंप का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक, प्रभारी श्री रमेश मीणा एवं स्वयंसेविकाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ रानू वार्ष्णेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि बंधेज कला एक प्राचीन भारतीय कपड़ा सजावट की कला है जिसमें कपड़े को बांधने और रंगने की प्रक्रिया शामिल होती है। कैंप में स्वयंसेविकाओं ने साड़ी, दुपट्टा, स्कार्फ और रुमाल पर बंधेज कार्य कर अनूठे पैटर्न बनाए और उन पर रंगाई कार्य किया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा और अध्यक्ष श्री बजरंगलाल भाकर ऑनलाइन माध्यम से शिविर में जुड़े और उन्होंने बताया कि इस कला का व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लघु कुटीर उद्योग स्थापित किया जा सकता है। कैंप के द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेविकाओं की टोलिया बनाई तथा महाविद्यालय के आसपास क्षेत्र में श्रमदान किया। तत्पश्चात छात्राओं ने अल्पाहार ग्रहण किया। शिविर के अंतिम सत्र में कंप्यूटर माइंड्स अकादमी के संचालक श्री लालचंद जी द्वारा छात्राओं को डिजिटल साक्षरता, डाटा एंट्री, कौशल विकास में कंप्यूटर कोर्स की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। राष्ट्रगान की धुन के साथ शिविर का समापन हुआ। कॉलेज स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

24/3/25
प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रुपनगढ़ (अजमेर) राज.

सी. सं. 144/जयपुर/2008-09
मोबाइल : 9314618091
# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)
राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ, अजमेर-305814
E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक :

दिनांक 22/04/25

## पृथ्वी दिवस

आज दिनांक 22 अप्रैल 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण को समर्थन देने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया गया | महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने बताया कि पृथ्वी दिवस हमारे ग्रह की सुरक्षा के लिए और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है | एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री फराह ने बताया कि हमें सचेत रहकर अपनी जीवन शैली को पर्यावरण अनुकूल विकसित करनी चाहिए | पृथ्वी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया | महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने सभी स्वयंसेविकाओं, स्टाफ सदस्यों और ग्रामीण जनों को इस वर्ष की थीम "हमारी शक्ति हमारा ग्रह" से अवगत कराया | कार्यक्रम में डॉ रानू वार्ष्णेय, श्री मोहन प्रजापत, श्रीमती सुनीता चौधरी, श्रीमती निर्मला लोधी अन्य स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे |

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.

[illegible] मोबाइल : 9314618091

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ

(संचालित मनु शैक्षणिक कल्याण एवं पर्यावरण सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रूपनगढ, अजमेर-305814

E-Mail Id: - svmmcollege.roopangarh@gmail.com

क्रमांक : दिनांक 25/04/25

## 'आयुर्वेद और मानव स्वास्थ्य' विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान

आज दिनांक 25 अप्रैल 2025 को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में 'आयुर्वेद और मानव स्वास्थ्य' विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति – आयुर्वेद की वैज्ञानिकता और मानव स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराना था । कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई । इसके पश्चात मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता डॉ. अनीश, जो एक प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य हैं, ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों, जैसे त्रिदोष सिद्धांत, आहार-विहार की महत्ता और योग के साथ संयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला । डॉ. अनीश ने आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती बीमारियों के समाधान हेतु आयुर्वेद की प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि कैसे जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक उपायों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में बीए और बीएससी की छात्राओं सहित सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे । छात्राओं ने आयुर्वेद से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं को प्रस्तुत किया, जिनका वक्ता ने सरल और प्रभावी ढंग से उत्तर दिया । अंत में महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । यह व्याख्यान छात्राओं के लिए न केवल ज्ञानवर्धक बल्कि प्रेरणादायक भी सिद्ध हुआ ।

प्राचार्य
स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय
रूपनगढ़ (अजमेर) राज.